भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2138
सोमवार, 8 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देवमाली हिल्स का विकास

+2138. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राज्य सरकार ने पर्यटन मंत्रालय को कोरापुट और रायगढ़ जिलों में विकास के लिए कोई परियोजना प्रस्तुत की है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान स्थिति संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार ने स्वयं कोरापुट में देवमाली हिल्स जैसा संभावित पर्यटन स्थलों का सर्वेक्षण किया है और इसके विकास के लिए योजना तैयार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अवसंरचना परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है। स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई राशि की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है। ऊपर उल्लिखित योजनाओं के अंतर्गत कोरापुट तथा रायगढ़ के विकास का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****